हमारा ध्येय परिवारों, विस्तारित परिवारों (फौनाउवानाव) और देखभालप्रदाताओं के साथ काम करके डाउन सिंड्रोम वाले लोगों के जीवन के सभी चरणों में और सभी समुदायों के भीतर उनकी क्षमता और आकांक्षाओं को साकार करने में सहायता करना और उन्हें सशक्त बनाना है।

एक परिवार/विस्तारित परिवार-चालित संगठन।

- परिवारों/विस्तारित परिवारों को सूचित करता है और उनकी सहायता करता है।
- सकारात्मक रवैयों को बढ़ावा देता है और उनकी हिमायत करता है।
- डाउन सिंड्रोम वाले लोगों के अधिकारों और समावेश को बढ़ावा देता है।
- नीतियों की समीक्षा करता है तथा सरकार और अन्य एजेंसियों तक उनकी बात पहुंचाता है।

NZDSA का सदस्य बनने या दान करने के लिए यहाँ जाएं: nzdsa.org.nz

हमें आपसे बात करके ख़ुशी होगी।

www.nzdsa.org.nz
0800 NZDSAI (0800 693 724)

NZ डाउन सिंड्रोम एसोसिएशन इंक
PO Box 4142
Auckland
New Zealand
neo@nzdsa.org.nz

NZDSA
NEW ZEALAND DOWN SYNDROME ASSOCIATION



NZDSA क्या पेशकश करता है?

- किसी प्रशिक्षित सहायक माता/पिता के माध्यम से नए माता-पिता को सहायता।
- राष्ट्रीय समन्वय।
- क्षेत्रीय समूह
  पूरे न्यूज़ीलैंड में कॉफी मॉर्निंग, पारिवारिक कार्यक्रमों, अतिथि वक्ताओं तथा व्यक्तिगत सहायता और हिमायत सहित गतिविधियाँ प्रदान करते हैं।
- चैट 21
  समाचार, जानकारी और कहानियों वाली एक त्रैमासिक पत्रिका, जो सभी सदस्यों को भेजी जाती है।
- जानकारी पैक
  स्कूलों, पेशेवरों, परिवार और मित्रों के लिए।

डाउन सिंड्रोम क्या है?

- डाउन सिंड्रोम जीवन-पर्यंत एक ऐसी स्थिति है जिसके कारण सीखने और विकास में विलम्ब होता है। इन विलम्बों को सही मदद और अन्य लोगों की सकारात्मक स्वीकृतिपरक रवैये से कम किया जा सकता है।
- डाउन सिंड्रोम किसी भी परिवार में हो सकता है और कभी भी किसी की गलती से नहीं होता है। न्यूज़ीलैंड में, लगभग 1000 में एक शिशु डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होता है; यानी, हर सप्ताह कम से कम एक शिशु का जन्म डाउन सिंड्रोम के साथ होता है।
- आमतौर पर प्रत्येक कोशिका में 23 जोड़ी क्रोमोसोम होते हैं, जिनमें से जोड़ी संख्या 21 सबसे छोटी जोड़ी होती है। डाउन सिंड्रोम में, कोशिकाओं में संख्या 21 वाला एक अतिरिक्त क्रोमोसोम होता है, यानी सामान्य दो के बजाय उनकी संख्या तीन होती है। चिकित्सा शास्त्र में इसे ट्राइसॉमी 21 कहते हैं।
- डाउन सिंड्रोम वाले लोगों में बादाम के आकार की आंखें, छोटी नाक और कान हो सकते हैं, लेकिन ज्यादातर वे अपने शेष परिवार की तरह दिखते हैं।

डाउन सिंड्रोम वाले लोग

- सभी बच्चों की तरह, डाउन सिंड्रोम वाले बच्चे भी सीखते हैं और विकसित होते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सा और स्कूल में अतिरिक्त मदद उनके विकास में मददगार हो सकती है।
- सभी लोगों की तरह, डाउन सिंड्रोम वाले लोग अपने परिवारों और समुदायों के सहभागी सदस्य हैं और समाज में योगदान करने में सक्षम हैं।
- डाउन सिंड्रोम वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने विशिष्ट व्यक्तित्व, रूप-रंग और क्षमताओं के साथ अद्वितीय होता है। डाउन सिंड्रोम वाले प्रत्येक व्यक्ति को महत्व दिया जाना चाहिए और उसकी चरम उपलब्धियों को सीमाओं में नहीं बाँधना चाहिए।